सार्वजनिक पथ-प्रकाश व्यवस्था हेतु सोलर हाई मास्ट संयंत्र की स्थापना :

सोलर हाई मास्ट संयंत्रः-

सार्वजनिक पथ-प्रकाश एक मूल-भूत आवश्यकता है। सार्वजनिक प्रकाश की आवश्यकता की पूर्ति हेतु सोलर हाई मास्ट एक अतिउपयोगी संयंत्र है। संयंत्र का अधिष्ठापन चौराहों, भवन परिसर, सार्वजनिक स्थल, बस स्टेशन, स्वास्थ केन्द्र परिसर, तहसील/ ब्लाक/ थाना परिसर, सड़कों के किनारे आदि स्थलों पर कराई जाती है। रात्रि के समय इस संयंत्र से लगभग 20 से 25 मीटर की परिधि में प्रकाश की पूर्ति होती है।

संयंत्र का तकनीकी विवरणः-

- सोलर पीवी पैनल : मल्टी क्रिस्टिलाईन सिलिकोन सोलर सेल से निर्मित,क्षमता 440 वाट (4X110 वाट) पीक।
- बैटरी बैंक : लेड एसिड, ट्यूबलर पाजिटिव प्लेट, लो मेन्टिनेन्स, क्षमता 12वोल्ट 100 एम्पीयर आवर (4 X 100 एम्पीयर आवर)।
- ल्यूमिनायर : व्हाइट-एलईडी आधारित 72 वाट लाईट (04X18 वाट क्षमता प्रति लाईट)
- ड्यूटी साईकिल : सांयकाल से प्रातःकाल तक।
- पोल : टेलिसकोपिक, जी आई, ऑक्टागोनल पोल, भूतल से 7 मीटर की उचांई।
- बैटरी बाक्स : 20 गेज, जी आई शीट से निर्मित, लाकिंग व्यवस्था के साथ।
- केबिल : 1.5 एमएम साईज का कापर केबिल।
- सिविल कार्य : 1250एमएम गहराई, वर्गाकार, सीमेण्ट कान्क्रीट फाउण्डेशन।

सोलर हाई मास्ट संयंत्र में विश्व स्तर के मानको को अपनाते हुए संयंत्र तथा इनके अवयवों का परीक्षण, नवीन एंव नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अधिकृत लैब से गुणवत्ता सुनिश्चित कराते हुए निर्धारित विशिष्टीकरणों के अनुरूप संयंत्रों की स्थापना कराई जाती है। उक्त के अतिरिक्त संयंत्र की स्थापना हेतु आवश्यक सामग्री जैसे जी आई पोल, पैनल हेतु माउन्टिंग स्ट्रक्चर, बैटरी हेतु जी आई बाक्स एंव तार आदि आवश्यक अवयव लगाये जाते हें। सम्पूर्ण सोलर स्ट्रीट लाईट पर 5 वर्षो की पूर्ण रिपेयरिंग मेन्टीनैन्स की कम्प्रीहैन्सिव वारण्टी होती है। इसके महत्वपूर्ण अवयव - सोलर पैनल की कुल निर्धारित क्षमता 20 साल में 90 प्रतिशत एवं 25 साल में 80 प्रतिशत से कम न हो, इस हेतु फर्मो से 25 वर्षो को वारण्टी भी ली जाती है।

परियोजना का क्रियान्वयनः-

यूपीनेडा द्वारा परियोजना का क्रियान्वयन हेतु अभिकरण द्वारा प्रदेश सरकार के वित्तीय नियमों के अन्तर्गत ई-टेण्डर के माध्यम से संयंत्रों की आपूर्ति, स्थापना एवं 05 वर्ष की कम्प्रीहेन्सिव मेन्टिनैन्स वारण्टी के साथ दरें एवं 04 आपूर्तिकर्ता फर्मों का चयन कर अनुबन्ध निष्पादित कर कार्य कराया जा रहा है।

संयंत्र का मूल्यः-

सोलर हाई मास्ट संयंत्र की आपूर्ति, स्थापना, कमिशनिंग एवं 05 वर्षो की कम्प्रीहेन्सिव वारण्टी सहित धनराशि रू 1,18,000.00 प्रति संयंत्र एवं यूपीनेडा का आनुषांगिक व्यय रू 1000.00 कुल रू 1,19,000.00 प्रति संयंत्र निर्धारित है।

संयंत्र का अनुश्रवण एवं रखरखावः-

संयंत्रों का नियमित अनुश्रवण अभिकरण मुख्यालय तथा जनपदीय परियोजना कार्यालयों द्वारा किया जाता है तथा मुख्यालय स्तर से समय-समय पर परियोजना का फीड-बैक प्राप्त कर रखरखाव सुनिश्चित कराया जाता है। संयंत्रो की सतत् क्रियाशीलता हेतु इन्ट्रेक्टिव वाईस रिस्पॉन्स सिस्टम (आईवीआरएस) प्रणाली अभिकरण मुख्यालय में स्थापित है, इस हेतु टोल फ्री नम्बर 1800 180 0005 संचालित है।